# दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू

## पुनरावृत्ति पत्रिका (2019–20)

**कक्षाः चौथी** **विषयः हिंदी**

**उपविषयः–** पाठ–1 भारत का मुकुट (कविता), पाठ–2 बुद्धि धन सबसे बड़ा

**व्याकरणः–** भाषा, लिपि तथा व्याकरण, वाक्य, संज्ञा भेदों सहित, अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश, रचनात्मक लेख (अनुच्छेद लेखन)

प्र01 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–

एक गाँव में हज़ारों चूहे रहते थे। गाँव में ऐसी कोई जगह नहीं थी, जहाँ चूहे न हो। घर में, दुकान में, गोदाम में, खेतों में, हर जगह चूहे ही चूहे नज़र आते थे ये चूहे ढेरों अनाज खा जाते थे। घर का सामान, कपड़े, कागज़–पत्र सब कुछ वे कुतर डालते थे, चूहों के कारण गाँव के लोगों को काफ़ी नुकसान उठाना पड़ता था वे किसी भी कीमत पर इन चूहों से छुटकारा पाना चाहते थे। एक दिन एक बाँसुरी वाला उस गाँव में आया। उसने देखा कि गाँव के लोग चूहों से त्रस्त हैं उसने गाँव के लोगों से कहा, ''मैं गाँव के सारे चूहों को खत्म कर दूँगा पर इसके लिए तुम लोगों को मुझे पाँच हज़ार रुपए देने होंगे।'' गाँववालों ने बाँसुरी वाले को पाँच हज़ार रुपए देना मंजूर कर लिया, बाँसुरी वाला मधुर स्वर में अपनी बाँसुरी बजाने लगा, बाँसुरी की आवाज़ सुनकर सभी चूहे घरों, दुकानों, गोदामों तथा खेतों से निकलकर दौड़ते हुए रास्ते पर आ गए। वह बाँसुरी बजाते–बजाते नदी की ओर चल पड़ा, चूहे भी नाचते–नाचते उसके पीछे–पीछे चले। वह नदी के पानी में उतर गया। उसके पीछे–पीछे चूहे भी पानी में कूद गए। इस तरह सारे चूहे पानी में डूबकर मर गए।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः–

1) गाँव में चूहे कहाँ–कहाँ नज़र आते थे?

2) बाँसुरी वाले ने गाँव के लोगों से क्या कहा?

ख) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिएः–

1) मधुर – मीठी, नमकीन

2) घर – नदी, गृह

ग) सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइएः–

1) सारे चूहे कुएँ में डूबकर मर गए। (   )

2) बाँसुरी वाले ने गाँव वालों से पाँच हज़ार रुपए मांगे। (   )

घ) निम्नलिखित वाक्यों में सही विकल्प चुनकर लिखिएः–

1) एक दिन गाँव में कौन आया?

क) मदारी वाला ख) बाँसुरी वाला

2) गाँव वाले किससे छुटकारा पाना चाहते थे?

क) चूहों से  ख) शेरों से

**पाठ से संबधित**

प्र02 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः–

राजा ने अपने महल में दावत का आयोजन किया। उस दावत में उसके सभी मंत्री और दरबारी उपस्थित थे। जब दावत समाप्त हुई तो राजा ने अपने उन तीन दरबारियों को निकट बुलाया जो उसके साथ शिकार पर गए थे। राजा बोला–''उस बूढ़े किसान ने मेरे तीन प्रश्नों के उत्तर दिए थे, उनमें गहन रहस्य छिपा हुआ है। क्या आप लोग उन उत्तरों का विश्लेषण कर सकते हैं? तीनों दरबारियों ने एड़ी–चोटी का ज़ोर लगाया, किंतु वे किसान की बातों का विशेष अर्थ नहीं समझ सके। उन्होंने अनेक प्रकार से उन उत्तरों का विश्लेषण किया किन्तु किसी से भी राजा को संतोष नहीं हुआ। अंत में थककर राजा ने कहा–मैं आप तीनों को एक मास का समय देता हूँ यदि एक मास में आप इनका ठीक–ठीक समाधान नहीं निकाल पाएँगे, तो मैं आपके स्थान पर किन्ही और को नियुक्त कर दूँगा।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः–

1) राजा ने दावत का आयोजन कहाँ किया था और दावत में कौन–कौन उपस्थित थे?

2) दावत समाप्त होते ही राजा ने अपने पास किसे बुलाया और उनसे क्या कहा?

ख) निम्नलिखित वाक्य पर सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइएः–

1) राजा ने दरबारियों को एक साल का समय दिया। (  )

प्र03 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः–

क) राजा ने रामदीन से क्या प्रश्न पूछे?

ख) तीनों दरबारियों की चिंता का क्या कारण था?

ग) दरबारियों ने रामदीन को कितनी अशर्फियाँ दी और रामदीन ने अशर्फियाँ कहाँ रखी?

प्र04 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिएः–

क) बाबा! तुम्हें अपना काम ............ कर दूँगा।

ख) मैं आपके स्थान पर किन्ही और को ............ कर दूँगा।

ग) अगर हम सही–सही विश्लेषण नहीं कर पाए तो ............ हमें हमारे पद से हटा देंगे।

प्र05 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइएः–

क) इच्छा –  ख) खज़ाना –  ग) दावत –  घ) वचन –

प्र06 निम्नलिखित वाक्य किसने कहे?

क) हमें उन प्रश्नों के उत्तर बता दें।

ख) मैं आप तीनों को एक मास का समय देता हूँ।

प्र07 निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिएः–

क) राजा ने रामदीन को क्या दी? अशर्फी / टोपी

ख) बिगुल कौन बजा रहा था? रामदीन / सिपाही

प्र08 पंक्तियाँ पूरी कीजिएः–

क) धवल रजत–सी निर्मल काया

..........................................

गिरि के हरे–भरे मधुवन में

..........................................

ख) जग में सबसे ऊँचा शिखिर

..........................................

तनकर खड़ा चुनौती देता

..........................................

## व्याकरण से संबंधित

प्र09 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिएः–

क) नेत्रहीन लोगों के लिए बनाई गई लिपि को .......................... लिपि कहते है।

ख) भाषा के दो रूप हैं .......................... और .......................... ।

ग) .......................... भाषा को शुद्ध रुप का ज्ञान करवाता है।

घ) कश्मीर के लोग ..........................भाषा बोलते हैं।

प्र010 कोष्ठक में दिए सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिएः–

क) अंग्रेज़ी भाषा की लिपि .......................... है। (फ़ारसी / रोमन)

ख) पंजाबी भाषा की लिपि .......................... है। (गुरुमुखी / देवनागरी)

ग) उर्दू भाषा की लिपि .......................... है। (फ़ारसी / गुरुमुखी )

घ) नेत्रहीन लोगों के लिए बनाई गई लिपि को .......................... कहते हैं। (ब्रेललिपि / देवनागरी)

प्र011 निम्नलिखित वाक्यों में उद्देश्य और विधेय छाँटकर लिखिएः–

क) लड़का खिलौना खरीद रहा है।

ख) गाँधी जी सत्य बोलते थे।

ग) धोबी कपड़े धोता है।

घ) अध्यापक पढ़ा रहा है।

प्र012 निम्नलिखित शब्दों को सही क्रम में लिखकर अर्थ पूर्ण वाक्य बनाइएः–

क) ग्वाला है दूध दे गया

ख) चिड़ियाघर गए थे हम कल

ग) है रही गीतिका नाच

घ) होगी बारिश आज

प्र013 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिएः–

क) बात सुनकर मुझे हँसी आ गई।

ख) माँ बाज़ार जा रही है।

ग) मैं जम्मू में रहता हूँ।

घ) मेरे देश का नाम भारत है।

प्र014 कोष्ठक में दिए गए संज्ञा शब्दों के सही भेद चुनकर लिखिएः–

क) बगीचा बहुत सुंदर है। (जातिवाचक संज्ञा/व्यक्तिवाचक संज्ञा)

ख) यह मेरे बचपन की तस्वीर है। (भाववाचक संज्ञा/जातिवाचक संज्ञा)

ग) अमित ने समुद्र में नाव चलाई। (भाववाचक संज्ञा/व्यक्तिवाचक संज्ञा)

घ) अपने मित्र को देखकर मुझे बहुत खुशी हुई। (जातिवाचक संज्ञा/ भाववाचक संज्ञा)

प्र015 ''चौथी कक्षा में मेरा प्रथम दिन'' विषय पर सहायक सूची की मदद से एक अनुच्छेद लिखिए

शब्द सीमा (70–80)

सहायक सूची – प्रथम दिन, खुश, नए मित्र, ज्ञान, अध्यापक, मिलजुलकर, मिठाई, साफ़–सफ़ाई, स्कूल, स्वच्छ वातावरण, मध्यावकाश, एक साथ खाना, मज़ा